RPSC वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) पेपर I (सामान्य ज्ञान) 2024

100 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

कौनसा (महाद्वीप - विश्व क्षेत्र का प्रतिशत) सुमेलित नहीं है?

(A) अन्टार्कटिका - 8.13 ✓
(B) दक्षिणी अमेरिका - 11.97
(C) यूरोप - 9.24
(D) अफ्रीका - 20.39

Q.2

वीरनार, वरलक्ष्मी और संकर-4 किस फसल की विकसित नस्लें हैं?

(A) चना
(B) सरसों
(C) कपास ✓
(D) मूंगफली

Q.3

सालार वन निम्नलिखित में से किन जिलों में मिलते हैं?

(A) अलवर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर ✓
(B) कोटा, बूंदी, टोंक
(C) सिरोही, पाली, डूंगरपुर
(D) बारां, सवाई माधोपुर, दौसा

Q.4

सहरिया जनजाति किस क्षेत्र में केन्द्रित है?

(A) बूंदी जिले की नैनवा तहसील
(B) बारां जिले की अन्ता तहसील
(C) झालावाड़ जिले के खानपुर और पिड़ावा तहसील
(D) बारां जिले के शाहबाद और किशनगंज तहसील ✓

Q.5

2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के कौनसे जिलों में क्रमशः ग्रामीण - शहरी शिशु लिंगानुपात (0 से 6 वर्ष) सर्वाधिक है?

(A) कोटा - उदयपुर
(B) प्रतापगढ़ - बारां
(C) पाली - भीलवाड़ा
(D) बांसवाड़ा - नागौर ✓

Q.6

संयुक्त राष्ट्र संघ का 29वाँ जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का आयोजन स्थल है -

(A) बाकू ✓
(B) अंकारा
(C) बर्लिन
(D) तेहरान

Q.7

रीको (RIICO) ने किस स्थान पर जापानी औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया है?

(A) भिवाड़ी
(B) सीतापुरा (जयपुर)
(C) नीमराना ✓
(D) शाहपुरा

Q.8

निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वोच्च पर्वत शिखर है?

(A) रोजा भाकर
(B) डोरा पर्वत
(C) खो ✓
(D) सायरा

Q.9

विश्व प्रवास रिपोर्ट 2024 के अनुसार, वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों के लिए मुख्य गंतव्य कौन-सा देश है?

(A) रूस
(B) चीन
(C) अमेरिका ✓
(D) भारत

Q.10

निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

Assertion A: राजस्थान के बाड़मेर जिले में भेड़ों की संख्या राज्य में सबसे अधिक है।

Reason R: सुरती, राजस्थान में पाई जाने वाली भैंस की एक नस्ल है।

सही विकल्प कौन सा है?

(A) (A) और (B) दोनों सही हैं ✓
(B) (A) और (B) दोनों गलत हैं
(C) केवल (B) सही है
(D) केवल (A) सही है

Q.11

भारत के निम्नलिखित में से किस प्रकार के वन में पार्कलैंड जैसी दृश्यभूमि मिलती है?

(A) उष्णकटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती वन
(B) आर्द्र उष्णकटिबंधीय अर्द्ध सदाबहार वन
(C) शुष्क उष्णकटिबंधीय पर्णपाती और काँटेदार वन ✓
(D) पर्वतीय वन - दक्षिणी

Q.12

कौनसा (नदी - स्रोत) का युग्म सुमेलित नहीं है?

(A) सोन - अमरकंटक पठार
(B) दामोदर - बुंदेलखंड पठार ✓
(C) कावेरी - ब्रह्मगिरी पहाड़ियाँ
(D) कृष्णा - पश्चिमी घाट

Q.13

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये -
(A) लूनी नदी तंत्र का अधिकांश अपवाह क्षेत्र राजस्थान में है।
(B) खारी नदी, बनास नदी की सहायक नदी है।
(C) बनास नदी खमनौर की पहाड़ियों से निकलती है।

(A) (A) और (C) सही हैं
(B) (A), (B) और (C) सही हैं ✓
(C) (A) और (B) सही हैं
(D) (B) और (C) सही हैं

Q.14

कांगड़ा और कुल्लू घाटियाँ किस हिमालय पर्वतमाला में स्थित हैं?

(A) ट्रांस हिमालय
(B) बृहत् हिमालय
(C) मध्य या लघु हिमालय ✓
(D) शिवालिक

Q.15

कौनसा (पर्यटन केन्द्र - स्थान) सुमेलित नहीं है?

(A) मेहरानगढ़ - बीकानेर ✓
(B) जसवंत थड़ा - जोधपुर
(C) स्वर्ण कोठी - टोंक
(D) रानीजी-की-बावड़ी - बूंदी

Q.16

राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में स्टेपी जलवायु परिस्थितियाँ नहीं पाई जाती हैं?

(A) पाली
(B) जोधपुर
(C) जालौर
(D) जयपुर ✓

Q.17

निम्नलिखित में से कौनसा/से कथन सही है/हैं? नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –
(A) दक्षिणी गोलार्द्ध में उत्तर पश्चिमी पछुआ पवनें चलती हैं।
(B) सभी भूमंडलीय पवनों में व्यापारिक पवनें सबसे नियमित रूप से चलती हैं।
(C) ध्रुवीय पूर्वी पवनें उपध्रुवीय क्षेत्र से ध्रुवीय क्षेत्र की ओर चलती हैं।
(D) व्यापारिक पवनों की अपेक्षा पछुआ पवनें अधिक स्थिर होती हैं।

(A) (A) तथा (D) सही हैं
(B) (A) तथा (B) सही हैं
(C) (B) तथा (C) सही हैं
(D) केवल (B) सही है ✓

Q.18

अलियाबेट अपतटीय तेल क्षेत्र निम्नलिखित में से कहाँ स्थित है?

(A) गोदावरी बेसिन से दूर
(B) खंभात की खाड़ी ✓
(C) कावेरी बेसिन से दूर
(D) कच्छ की खाड़ी

Q.19

"भारत में मानसून के संचरण के कारण एवं संधारण का सबसे प्रमुख कारक तिब्बत के पठार का गर्म होना है", यह कथन है –

(A) पी. कोटेश्वरम ✓
(B) गिलबर्ट वॉकर
(C) फ्लोहन
(D) हैली

Q.20

वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू 2024 के अनुसार, निम्नलिखित देशों का उनकी कुल जनसंख्या के अनुसार, सही अवरोही क्रम है –

(A) फ्रांस, दक्षिण कोरिया, इटली, थाईलैंड
(B) फ्रांस, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, इटली
(C) थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, इटली
(D) थाईलैंड, फ्रांस, इटली, दक्षिण कोरिया ✓

Q.21

थली, धातकी, देवड़ावाटी किसकी उप-बोलियाँ हैं?

(A) मारवाड़ी ✓
(B) बागड़ी
(C) हाड़ौती
(D) मेवाती

Q.22

ठक्कर बापा ने भील सेवा समिति के तत्वाधान में कहाँ 'भील आश्रम' की स्थापना की थी?

(A) मानगढ़
(B) ऋषभदेव ✓
(C) खड़लाई
(D) लसाड़िया

Q.23

निम्नलिखित में से किस स्थान पर आमेर के मानसिंह-I ने मुगल सेनानायक के रूप में काम नहीं किया?

(A) काबुल
(B) बंगाल
(C) मालवा ✓
(D) उत्तर पश्चिमी प्रांत

Q.24

निम्नलिखित में से किस अवसर पर 'कांकण-डोरडा' की प्रथा का अभ्यास किया जाता है?

(A) जन्म
(B) शोक
(C) नामकरण
(D) विवाह ✓

Q.25

'राजपूताना मध्य भारत सभा' के प्रथम अधिवेशन का अध्यक्ष कौन था?

(A) विजय सिंह पथिक
(B) केसरी सिंह बारहठ
(C) चाँदकरण सुराणा
(D) जमनालाल बजाज ✓

Q.26

निम्नलिखित में से दयाल दास की रचना/रचनाएँ कौनसी है/हैं?

(A) बीकानेर रे राठौड़ो री ख्यात
(B) देश दर्पण
(C) आर्याख्यान कल्पद्रुम

कूट -

(A) A, B और C ✓
(B) A और C
(C) केवल A
(D) केवल B

Q.27

निम्नलिखित में से किस किले का नाम "सुदर्शनगढ़" भी है?

(A) नाहरगढ़ ✓
(B) सामोद
(C) तिमनगढ़
(D) जयगढ़

Q.28

निम्नलिखित में से किस चित्रशैली में 'फर्रुखफाल' का चित्र मिलता है जिस पर "आसिफ खाँ रो बेटो" लिखा हुआ है?

(A) जयपुर
(B) जैसलमेर ✓
(C) अलवर
(D) मेवाड़

Q.29

निम्नलिखित में से किस शासक से किशनगढ़ की राजकुमारी चारुमती सम्बन्धित थी?

(A) बीकानेर के रायसिंह
(B) आमेर के मानसिंह
(C) मारवाड़ के चन्द्रसेन
(D) मेवाड़ के राजसिंह ✓

Q.30

निम्नलिखित में से किसे 1916 ई. में 'बिजोलिया किसान पंचायत' का "सरपंच" नियुक्त किया गया था?

(A) ठाकरी पटेल
(B) साधु सीताराम दास
(C) मन्नालाल पटेल ✓
(D) नानजी पटेल

Q.31

निम्नलिखित में से किस पुरातात्विक स्थल से एक अभिलेख मिला है, जिसमें मौर्य सम्राट अशोक ने बौद्ध ग्रंथों के अध्ययन की अनुशंसा की थी?

(A) बैराठ ✓
(B) आहड़
(C) गणेश्वर
(D) कालीबंगा

Q.32

'गुलाब श्याम' का वैष्णव मंदिर स्थित है -

(A) चावंड में
(B) उदयपुर में ✓
(C) चित्तौड़ में
(D) गोगुन्दा में

Q.33

शिवालिक अभिलेख के अनुसार, किस चौहान शासक ने गजनी के अमीर खुसरो शाह को परास्त किया था?

(A) पृथ्वीराज III
(B) विग्रहराज IV ✓
(C) अजयराज
(D) अर्णोराज

Q.34

निम्नलिखित में से कौन सा नृत्य "थाकना शैली" में किया जाता है?

(A) वालर नृत्य
(B) धाड़ नृत्य
(C) राई नृत्य
(D) ढोल नृत्य ✓

Q.35

फैज़ल अली खान, जिसने 1857 की क्रांति के दौरान मुगल बादशाह के पुत्र को सैन्य सहायता प्रदान की थी, संबद्ध था -

(A) नरहड़ ठिकाने से
(B) सलूम्बर ठिकाने से
(C) झुंडलोड ठिकाने से
(D) अनूपगढ़ ठिकाने से ✓

Q.36

महाराणा प्रताप के गठबंधन में शामिल ताज खाँ, निम्न में से कहाँ का शासक था?

(A) नागौर
(B) जालौर ✓
(C) भटनेर
(D) फतेहपुर शेखावाटी

Q.37

उन लोक देवताओं को चिह्नित कीजिए, जिनकी जीवन कथाओं में गौ-रक्षा के प्रकरण हैं - (i) गोगाजी (ii) तेजाजी (iii) पाबूजी (iv) देवजी
सही कूट का चयन कीजिए -

(A) (i), (ii) एवं (iv)
(B) (i) एवं (iii)
(C) (i), (ii), (iii) एवं (iv) ✓
(D) (i) एवं (ii)

Q.38

राजस्थान को सुनील-टप्पा निम्न में से किसकी अनुशंसा पर मिला था?

(A) पी. सत्यनारायण राव समिति
(B) राज्य पुनर्गठन आयोग ✓
(C) शंकर राव समिति
(D) भारतीय संविधान

Q.39

संत मावजी के चोपड़ों की भाषा है -

(A) मारवाड़ी
(B) खैराड़ी
(C) बागड़ी ✓
(D) मेवाड़ी

Q.40

निम्नलिखित में से कौन सा सुषिर वाद्ययंत्र नहीं है?

(A) सतारा
(B) नड़
(C) मशक
(D) भपंग ✓

Q.41

1956 के उपरांत, कितने अन्य राज्यों के राज्यपालों को राजस्थान के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है?

(A) नौ राज्यों ✓
(B) सात राज्यों
(C) आठ राज्यों
(D) दस राज्यों

Q.42

राज्य नीति के निर्देशक तत्त्वों के संबंध में, सूची-1 का सूची-2 से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए -

सूची-1

(a) निर्धन को निःशुल्क कानूनी सहायता
(b) आय असमानता को न्यूनतम करना
(c) सहकारी संघों का स्वैच्छिक निर्माण
(d) प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल

सूची-2

(i) 86वां संविधान संशोधन
(ii) 44वां संविधान संशोधन
(iii) 42वां संविधान संशोधन
(iv) 97वां संविधान संशोधन

(A) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii)
(B) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(i) ✓
(C) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(i)
(D) (a)-(i), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(iii)

Q.43

निम्न में से कौनसे नेताओं के समूह तीन या तीन से अधिक बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे हैं?

(A) भैरों सिंह शेखावत, हरिदेव जोशी, मोहन लाल सुखाड़िया ✓
(B) वसुन्धरा राजे, अशोक गहलोत, शिव चरण माथुर
(C) हरिदेव जोशी, शिव चरण माथुर, वसुन्धरा राजे
(D) शिव चरण माथुर, अशोक गहलोत, मोहन लाल सुखाड़िया

Q.44

'समिट ऑफ द फ्यूचर' क्या था?

(A) संयुक्त राष्ट्र संघ सम्मेलन ✓
(B) जी-20 सम्मेलन
(C) SCO शिखर सम्मेलन
(D) QUAD शिखर सम्मेलन

Q.45

किस ब्रिटिश प्रस्ताव में, पहली बार यह प्रस्तावित किया गया कि वायसराय की कार्यकारी परिषद् में गवर्नर जनरल एवं कमांडर-इन-चीफ के अलावा मुख्य रूप से भारतीय सदस्य होंगे?

(A) वेवल योजना ✓
(B) भारत सरकार अधिनियम, 1947
(C) कैबिनेट मिशन योजना
(D) माउंटबेटन योजना

Q.46

सरकार द्वारा तीन कठिया व्यवस्था में जाँच के संदर्भ में बनाये गये जाँच आयोग में किसको सदस्य बनाया गया था?

(A) जे.बी. कृपलानी
(B) महादेव देसाई
(C) राजेन्द्र प्रसाद
(D) महात्मा गांधी ✓

Q.47

राजस्थान विधान सभा में पेश किए गए निजी सदस्य विधेयकों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?

(A) राजस्थान की तीसरी विधान सभा में सबसे अधिक संख्या में निजी सदस्य विधेयक पेश किए गए।

(B) राजस्थान सामाजिक शिक्षा बोर्ड विधेयक, 1958, राजस्थान विधान सभा द्वारा पारित निजी सदस्य विधेयकों में से एक है।

(C) राजस्थान विधान सभा ने अपने विधायी कामकाज के इतिहास में केवल एक निजी सदस्य विधेयक पारित होते देखा है। ✓

(D) 13वीं से 15वीं विधान सभा में कोई भी निजी सदस्य विधेयक पेश नहीं किए गए हैं।

Q.48

2024 में आयोजित सामान्य चुनावों में राजनीतिक दलों द्वारा जीती गई लोक सभा सीटों से संबंधित, सूची-1 का सूची-2 से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए -

सूची-1		सूची-2	
(a) समाजवादी पार्टी	(i)	29	
(b) ऑल इंडिया तृणमूल काँग्रेस	(ii)	16	
(c) द्रविड़ मुनेत्र कड़गम	(iii)	37	
(d) तेलुगु देशम पार्टी	(iv)	22	

(A) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)

(B) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)

(C) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii)

(D) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii) ✓

Q.49

राजस्थान के राज्यपाल की 'स्मार्ट विलेज पहल' निम्नलिखित में से किस संस्था द्वारा कार्यान्वित की जाती है?

(A) केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान जैसे आईआईटी, एनआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालय आदि

(B) राजस्थान सरकार के अधीन महाविद्यालय

(C) निजी विश्वविद्यालय

(D) राज्य विश्वविद्यालय ✓

Q.50

राजस्थान के मुख्यमंत्री राहत कोष से, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के लिए सहायता स्वीकृत नहीं की जाती है?

(A) विशेष रूप से महिला को लगी गंभीर चोटों के पीड़ितों को उपचार सहायता ✓

(B) आकस्मिक दुर्घटना के कारण हानि एवं मृत्यु से पीड़ित गरीबों को सहायता

(C) प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को सहायता

(D) युद्ध एवं अन्य अभियानों में शहीद सैनिकों/घायल सैनिकों के साथियों को सहायता

Q.51

निम्नांकित कथनों को पढ़िए और सही कथन/कथनों को नीचे दिए गए कूट में से चिह्नित कीजिए - (a) राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग अगस्त, 2000 से क्रियाशील हुआ। (b) वर्तमान में, श्री अशोक कुमार गुप्ता राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के एकमात्र सदस्य हैं। (c) राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के 'विनियम' 2001 वर्ष से प्रभावी हुए।

(A) केवल (c) सही है

(B) केवल (a) सही है ✓

(C) केवल (b) और (c) सही हैं

(D) केवल (b) सही है

Q.52

संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना गतिविधियों में भारत के योगदान से संबंधित सही कथन पहचानें -

(A) भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशनों के लिए दो लाख से अधिक सैनिक उपलब्ध कराए हैं।

(B) "संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही" 2022 में शुरू की गई थी, जब भारत ने सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाली थी। ✓

(C) "संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही" यूएनएससी संकल्प, 2571 के अनुसार, शुरू की गई थी।

(D) भारत संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशनों में कर्मियों का तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

Q.53

निम्न में से किस मूल अधिकार का दावा केवल नागरिकों द्वारा किया जा सकता है?

(A) जीवन एवं स्वातंत्र्य की रक्षा (अनुच्छेद 21)

(B) निश्चित मामलों में गिरफ्तारी और हिरासत से सुरक्षा (अनुच्छेद 22)

(C) कानून के समक्ष समानता (अनुच्छेद 14)

(D) भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19) ✓

Q.54

निम्नलिखित में से कौनसा पंचशील का सिद्धांत नहीं है?

(A) एक दूसरे की प्रादेशिक अखंडता व सर्वोच्च सत्ता के लिए परस्पर सम्मान की भावना

(B) अनाक्रमण

(C) बंधुत्व और पारस्परिक लाभ ✓

(D) शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व

Q.55

निम्नांकित में से, कब ग्राम पंचायत स्तर पर सतर्कता समिति को समाप्त कर दिया गया था?

(A) 6 जनवरी, 1999 ✓

(B) 6 जनवरी, 2000

(C) 6 फरवरी, 2000

(D) 6 फरवरी, 1999

Q.56

भारत सरकार अधिनियम, 1935, के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?

(A) 1935 के अधिनियम में "अखिल भारतीय संघ" की परिकल्पना की गई थी, जिसमें ब्रिटिश प्रांत और भारतीय राज्य शामिल थे।

(B) इस अधिनियम ने बर्मा को भारत से अलग नहीं किया और यह क्रिप्स मिशन के तहत किया गया था। ✓

(C) अधिनियम द्वारा परिकल्पित प्रांतीय स्वायत्तता की योजना में प्रत्येक प्रांत में एक कार्यकारी और विधायिका का प्रावधान किया गया।

(D) अधिनियम के तहत, प्रांतों को पहली बार अलग संस्थाओं के रूप में मान्यता दी गई।

Q.57

संविधान के किस अनुच्छेद के तहत, राजस्थान सरकार के अधीन सेवारत व्यक्ति को प्रभावित करने वाले अनुशासनात्मक मामलों पर अनिवार्य परामर्श का प्रावधान है?

(A) अनुच्छेद 320(3) ✓

(B) अनुच्छेद 325(4)

(C) अनुच्छेद 318(1)

(D) अनुच्छेद 322(2)

Q.58

राजस्थान विधान सभा में, यदि किसी सदस्य को किसी मंत्री का ध्यान अति आवश्यक सार्वजनिक महत्त्व के मामले की ओर आकर्षित करना हो, तो उसकी लिखित सूचना देनी होगी -

(A) मुख्यमंत्री को

(B) प्रमुख सचिव को

(C) अध्यक्ष को ✓

(D) राज्यपाल को

Q.59

भारत के वह राष्ट्रपति कौन थे, जिनके कार्यकाल में विशेष रूप से एक विशेष कैलेंडर वर्ष के तहत, स्वतंत्रता के बाद से सबसे अधिक रिकॉर्ड संख्या में अध्यादेश बनाए गए थे?

(A) श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटिल

(B) श्री के.आर. नारायणन

(C) श्री प्रणब मुखर्जी

(D) डॉ. शंकर दयाल शर्मा ✓

Q.60

राजस्थान विधान सभा के बारे में निम्नलिखित कथन पढ़िए और नीचे दिए गए कूट में से सही कथन/कथनों का चयन कीजिए -

(a) 1952 में राजस्थान विधान सभा में 160 सदस्य थे।
(b) विधान सभा की 'प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों' को प्रथम बार 1956 में बनाया गया था।
(c) राजस्थान विधान सभा की 22 स्थायी समितियाँ हैं।

कूट -

(A) (a), (b) और (c) सही हैं

(B) केवल (b) और (c) सही हैं

(C) केवल (a) और (b) सही हैं ✓

(D) केवल (a) सही है

Q.61

राजस्थान के श्याम सुंदर ने पेरिस पैरालंपिक, 2024 की किस स्पर्धा में भाग लिया?

(A) ट्रैक स्पर्धा
(B) फील्ड स्पर्धा
(C) तीरंदाजी स्पर्धा ✓
(D) जलीय स्पर्धा

Q.62

हरियाली तीज के अवसर पर, 'हरियालो राजस्थान' के तहत प्रदेश भर में आयोजित 75वें राज्य स्तरीय 'वन महोत्सव' में एक ही दिन में सर्वाधिक पौधरोपण करने वाले दो जिले क्रमशः हैं -

(A) बीकानेर व जैसलमेर ✓
(B) जैसलमेर व जयपुर
(C) भरतपुर व बीकानेर
(D) अजमेर व अलवर

Q.63

एनटीपीसी भेंसारा सौर परियोजना हाल ही में राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में चालू की गई है?

(A) बाड़मेर
(B) जोधपुर
(C) बीकानेर
(D) जैसलमेर ✓

Q.64

हाल ही में, भारत के पर्यटन मंत्रालय ने सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता 2024 के अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ समुदाय आधारित पर्यटन की श्रेणी में राजस्थान के देवमाली को एक विजेता घोषित किया है। देवमाली किस जिले में स्थित है?

(A) कोटा
(B) ब्यावर ✓
(C) भरतपुर
(D) नागौर

Q.65

हाल ही में, माननीय श्री ओम माथुर को किस राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया गया है?

(A) उत्तराखण्ड
(B) सिक्किम ✓
(C) मेघालय
(D) मिज़ोरम

Q.66

राजस्थान विधान सभा की पर्यावरण सम्बन्धी समिति का अध्यक्ष कौन है?

(A) डॉ. दयाराम परमार ✓
(B) भागचंद टांकड़ा
(C) अतुल भंसाली
(D) रोहित बोहरा

Q.67

राजस्थान राज्य सरकार द्वारा गोवंश के लिए अनुदान दिया जाता है। इसके लिए निम्न कथनों पर विचार कर सही विकल्प चुनिए - \n\n**कथन A** : राज्य सरकार द्वारा गोवंश के लिए जा रहे अनुदान में हाल ही में 10% वृद्धि करने की घोषणा की गयी है।\n**कथन B** : यह सहायता राशि सभी तरह के गोवंशों को एक वर्ष में 330 दिवस के लिए दी जाती है।

(A) कथन A सत्य है किंतु कथन B असत्य है ✓
(B) दोनों कथन असत्य हैं
(C) दोनों कथन सत्य हैं
(D) कथन A असत्य है तथा कथन B सत्य है

Q.68

19वीं राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2024, में राजस्थान के किस खिलाड़ी ने लड़कों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया?

(A) दीपेश चौधरी
(B) विजय यादव
(C) गौरव खटाना ✓
(D) प्रतीक खंडारे

Q.69

2024-25 के लिए राजस्थान की बजट घोषणा के अनुसार, "स्टेट ऑफ द आर्ट अल्ट्रा फिटनेस सेंटर" की स्थापना कहां की जाएगी?

(A) पटेल मैदान - अजमेर
(B) बरकतुल्लाह खान स्टेडियम - जोधपुर
(C) लवकुश स्टेडियम - उदयपुर
(D) सवाई मानसिंह स्टेडियम - जयपुर ✓

Q.70

निम्न में से कौन अगस्त, 2024 में राजस्थान से राज्यसभा का सदस्य चुना गया है?

(A) राजेन्द्र गहलोत
(B) नीरज डांगी
(C) रवनीत सिंह बिट्टू ✓
(D) चुन्नीलाल गरासिया

Q.71

वर्ष 2023-24 में विश्व में सेवाओं के निर्यात में भारत की रैंक क्या है?

(A) पाँचवीं
(B) नौवीं
(C) चौदहवीं
(D) सत्रहवीं ✓

Q.72

भारत में विदेश व्यापार नीति, 2023 का निम्न में से कौनसा लक्ष्य है?

(A) भारत के कुल निर्यातों को 2030 तक 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाना। ✓
(B) विश्व व्यापार में सेवा निर्यातों में भारत की रैंक 7वीं से सुधार कर 2030 तक तीसरी करना।
(C) विश्व वस्तु निर्यात में भारत की हिस्सेदारी को 2028 तक 3 प्रतिशत तक बढ़ाना।
(D) विश्व वाणिज्यिक सेवा निर्यात में भारत की भागीदारी को 2028 तक 7 प्रतिशत तक बढ़ाना।

Q.73

भारतीय आयातकों और निर्यातकों को निम्न में से कौनसी संस्था प्रमुख रूप से वित्त प्रदान करती है?

(A) विश्व बैंक
(B) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(C) भारतीय रिज़र्व बैंक
(D) भारतीय निर्यात-आयात बैंक ✓

Q.74

भारत में स्वर्णिम रेशा क्रान्ति सम्बन्धित है -

(A) जूट के उत्पादन से ✓
(B) तिलहनों के उत्पादन से
(C) सिल्क के उत्पादन से
(D) कपास के उत्पादन से

Q.75

भारत में निम्न में से कौनसा उद्योग सर्वाधिक रोजगार प्रदाता है?

(A) टैक्सटाईल ✓
(B) सूचना प्रौद्योगिकी
(C) ऑटोमोबाइल
(D) खनन

Q.76

भारत में कृषिगत वस्तुओं को न्यूनतम समर्थन कीमत प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य है –

(A) कृषकों से सरकारी खरीद को अनिवार्य बनाना।
(B) थोक बाजार से सरकारी खरीद को आसान बनाना।
(C) उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण करना।
(D) एक सीमा से नीचे कृषि उत्पादों की कीमत को गिरने से रोकना। ✓

Q.77

विनिवेश से तात्पर्य है –

(A) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को निजी क्षेत्र को बेच देना ✓
(B) शेयर बाजार में सरकारी विनियोग में वृद्धि
(C) शेयर बाजार में सरकारी विनियोग में कमी
(D) उद्योगों का राष्ट्रीयकरण

Q.78

भारत की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना का केन्द्र कौनसा क्षेत्र है?

(A) कृषि
(B) पर्यटन
(C) सेवा क्षेत्र
(D) विनिर्माण ✓

Q.79

वर्ष 2023-24 में, भारत में गेहूँ का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला राज्य कौनसा है?

(A) पंजाब
(B) उत्तर प्रदेश ✓
(C) मध्य प्रदेश
(D) हरियाणा

Q.80

निम्न में से कौनसे वर्ष में भारत में प्रथम विदेश व्यापार नीति जारी की गई?

(A) 1992 ✓
(B) 1969
(C) 1951
(D) 1985

Q.81

शेल्डन के वर्गीकरण के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसा व्यक्तित्व प्रकार मिलनसार, बहिर्मुखी एवं स्नेही है?

(A) एक्टोमोर्फिक
(B) मीसोमोर्फिक
(C) एंडोमोर्फिक ✓
(D) एथलेटिक

Q.82

निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है?

(a) पियाजे के अनुसार, आत्मसात्करण अनुकूलन की एक उपप्रक्रिया है।
(b) किसी वस्तु के बारे में वस्तुनिष्ठ या वास्तविक ढंग से सोचने की क्षमता संरक्षण कहलाती है।
(c) व्यवहारों के संगठित पैटर्न को, जिसे आसानी से दोहराया जा सके, उसे स्कीम कहा जाता है।

सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके कीजिये -

(A) (b) तथा (c) सही हैं
(B) (a) तथा (c) सही हैं ✓
(C) (a) तथा (b) सही हैं
(D) (a), (b) तथा (c) सही हैं

Q.83

सीखने के सकारात्मक हस्तांतरण को अधिकतम करने के लिए शिक्षक को करना होगा -

(A) चर्चा का उपयोग।
(B) सुनिश्चित करें कि सामान्य सिद्धान्त समझ में आ गए हैं।
(C) अनुक्रमिक कार्यों में निपुणता।
(D) मौलिक कार्य के साथ सीमित अनुभव प्रदान करें।
(E) एकल प्रकार का उदाहरण प्रदान करें।

नीचे दिए गए कूट में से सही विकल्प का चयन करें -

(A) A, B, E
(B) B, C, D
(C) A, B, C ✓
(D) A, C, D

Q.84

ब्रूक्स एवं ब्रूक्स के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसा रचनावादी शिक्षक का लक्षण नहीं है?

(A) शिक्षार्थियों को ऐसे अनुभवों में संलग्न करें जो विरोधाभास दर्शाते हों

(B) शिक्षार्थियों की स्वायत्तता को प्रोत्साहित करें और स्वीकार करें

(C) बन्द प्रश्न पूछकर शिक्षार्थी की पृच्छा को प्रोत्साहित करें ✓

(D) अनुप्रयोग और प्रदर्शन के माध्यम से शिक्षार्थी की समझ का आकलन करें

Q.85

निम्नलिखित में से कौनसा उपलब्धि अभिप्रेरणा का घटक नहीं है, जैसा कि डेविड ऑसुबेल द्वारा प्रत्यक्षित किया गया?

(A) संज्ञानात्मक आग्रह

(B) आत्म-संवर्धन

(C) संबंधन

(D) प्यार और अपनापन ✓

Q.86

बाकर मेहदी द्वारा निर्मित सृजनात्मकता के शाब्दिक उप-परीक्षण में निम्नलिखित में से कौनसे परीक्षण सम्मिलित हैं?

(a) नवीन संबंध परीक्षण
(b) रेखा आकृति पूर्ति परीक्षण
(c) परिणाम परीक्षण
(d) अप्रचलित उपयोग परीक्षण

सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके कीजिये -

(A) (a), (b), (d)

(B) (a), (c), (d) ✓

(C) (b), (c), (d)

(D) (a), (b), (c)

Q.87

निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प अभिवृत्ति का एक घटक नहीं है?

(A) भावात्मक घटक

(B) संज्ञानात्मक घटक

(C) लम्बात्मक घटक ✓

(D) व्यवहारात्मक घटक

Q.88

निम्नलिखित में से कौनसी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की विशेषता नहीं है?

(A) सीमित मात्रा में प्रश्न पूछते हैं, यद्यपि व्यापक रुचि क्षेत्र होता है। ✓

(B) जागरूक, सूक्ष्म अवलोकन वाले और शीघ्र प्रत्युत्तर देने वाले होते हैं।

(C) द्रुतगति से एवं सरलता से सीखते हैं।

(D) कठिन मानसिक कार्यों को कर लेते हैं।

Q.89

जब कोई बालक अपनी लापरवाही के कारण स्कूल देर से पहुँचता है, तो वह खुद को दोषी मानने के बजाय रास्ते में पड़ने वाली भीड़ को दोषी मानता है। इस प्रकार के समायोजन तंत्र को कहते हैं -

(A) बाधा निराकरण
(B) औचित्य-स्थापना ✓
(C) शोधन
(D) तादात्म्य स्थापन

Q.90

निम्नलिखित में से शिक्षा मनोविज्ञान का कौनसा क्षेत्र सामाजिक प्रक्रिया के अंतर्गत वर्गीकृत नहीं है?

(A) खेल
(B) अनुकरण
(C) आत्मभाव ✓
(D) पाठ्य सहगामी क्रियाएँ

Q.91

एक नियम जो इस बात पर बल देता है कि "यदि अनुक्रिया उत्पन्न होने पर प्रबलन प्राप्त होता है, तो उद्दीपक-अनुक्रिया सम्बन्ध दृढ़ होते हैं और यदि अनुक्रिया उत्पन्न होने पर प्रबलन नहीं प्राप्त होता है, तो वे कमज़ोर होते हैं", कहलाता है -

(A) अभ्यास का नियम
(B) तत्परता का नियम
(C) प्रभाव का नियम ✓
(D) सादृश्यता का नियम

Q.92

सचिन विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुँचाता है और धमकाने और मज़ाक उड़ाने के कृत्य में भी शामिल है। उसके कृत्य को किस प्रकार के अपराधी कृत्य के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है?

(A) भागने की प्रवृत्ति
(B) आक्रामक प्रवृत्ति ✓
(C) अधिग्रहण की प्रवृत्ति
(D) जालसाज़ी

Q.93

किशोरावस्था के दौरान भावनात्मकता बढ़ने का निम्नलिखित में से कौन सा कारण नहीं है?

(A) मित्रों एवं परिवार के सदस्यों के साथ द्वन्द्व
(B) सामाजिक अपेक्षाएँ
(C) समान लिंग के सदस्यों के साथ समायोजन में कठिनाई ✓
(D) व्यावसायिक समस्याएँ

Q.94

सूची - I को सूची - II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन करें -

सूची - I

(A) द्विकारक सिद्धान्त
(B) बुद्धि का सोपानिक मॉडल
(C) बुद्धि का बहुकारक सिद्धान्त
(D) बुद्धि प्रतिमान की संरचना

सूची - II

(i) थार्नडाइक
(ii) वर्नोन
(iii) गिलफोर्ड
(iv) स्पीयरमैन

(A) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(i)
(B) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)
(C) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iii)
(D) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iii) ✓

Q.95

सूची - I को सूची - II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन करें -

सूची - I

(A) 16 व्यक्तित्व कारक (16 PF)
(B) प्रासंगिक अंतर्बोध परीक्षण
(C) बालकों का अंतर्बोध परीक्षण
(D) मिनेसोटा मल्टीफ़ेज़िक व्यक्तित्व सूची

सूची - II

(i) जे.सी. मैककिनले और एस.आर. हैथवे
(ii) आर.बी. कैटेल
(iii) लियोपोल्ड बेलाक
(iv) मॉर्गन एवं मुर्रे

(A) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)
(B) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(i) ✓
(C) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
(D) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iii), (D)-(iv)

Q.96

"रुचि गुप्त (अव्यक्त) अवधान है, और अवधान रुचि का क्रियात्मक रूप है।" रुचि और अवधान के मध्य संबंध से संबंधित यह कथन दिया है –

(A) मैकडूगल ने ✓
(B) ड्रेवर ने
(C) क्रो एवं क्रो ने
(D) रॉस ने

Q.97

निम्नलिखित में कौन सा जन्मजात प्रेरक नहीं है?

(A) प्यास अन्तर्नोद
(B) भूख अन्तर्नोद
(C) लैंगिक अन्तर्नोद
(D) आक्रामकता अन्तर्नोद ✓

Q.98

निम्नलिखित में से कौन सी एक क्षमता थर्स्टन द्वारा प्रतिपादित मूल मानसिक क्षमताओं में से नहीं है?

(A) स्मृति
(B) व्यावहारिक ✓
(C) शाब्दिक
(D) गणितीय

Q.99


शिक्षक अपनी कक्षा की संरचना इस प्रकार करते हैं ताकि विद्यार्थी (6 से 12 वर्ष की आयु समूह) को सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने और खुद को सक्षम और मूल्यवान व्यक्तियों के रूप में देखने में मदद मिल सके। वे एरिक्सन के अनुसार मनो-सामाजिक विकास के किस चरण की ओर ले जाने के लिए ऐसा कर रहे हैं?

(A) परिश्रमी (उद्योगी) ✓
(B) पहचान
(C) पहल
(D) स्वायत्तता

Q.100

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प शिक्षा मनोविज्ञान की उपयोगिता से सम्बन्धित नहीं है?

(A) समूह गतिकी को समझने में सहायक
(B) पाठ्यक्रम के निर्माण में सहायक
(C) कक्षा में शैक्षिक वातावरण उत्पन्न करने में सहायक
(D) विज्ञान की तरह अपने नियमों एवं सिद्धान्तों का उपयोग विषयनिष्ठ ढंग से करने में सहायक ✓



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in